कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दूरभाष सं.0294-2421255, 2420013, Email:- commnngm-uda-rj@nic.in, website:- www.udaipurmc.org

क्रमांकः– आ.जा./24-25/172 दिनांकः–17.3.25

कार्यालय आदेश

प्रायः यह देखा गया है कि सम्बंधित कनिष्ठ/सहायक/अधिशाषी अभियंता द्वारा निर्माण शाखा द्वारा करवाये जा रहे कार्यों के बिल भुगतान हेतु समय पर पत्रावली प्रेषित नहीं की जाती है जिससे अनावश्यक संवेदको को कार्यालय क चक्कर लगाने पड़ते है एवं उदयपुर नगर निगम की छवि धूमिल होती है। अतः निर्माण शाखा को निर्देशित किया जाता है कि कार्य पूर्ण होने के पश्चात् एक माह के अन्दर बिल भुगतान हेतु पत्रावली अधोस्ताक्षरकर्ता को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित की जावे तथा बिल भुगतान हेतु प्रेषित करने से पूर्व निम्न निर्देशों की भी पालना की जावे।

1. कार्य के फोटो संलग्न किया जावें।
2. कार्य निर्धारित समय अवधि में पूर्ण हुआ अथवा नहीं, यदि नही तो कारण ?
3. कार्य की गुणवत्ता सम्बंधित रिपोर्ट।
4. 30–40 प्रतिशत Below निविदाओं में अधिशाषी अभियंता तथा 40 प्रतिशत से अधिक Below निविदाओं में अधीक्षण अभियंता द्वारा मौका निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता की स्पष्ट रिपोर्ट।
5. कार्यस्थल पर कार्य की जानकारी हेतु बोर्ड लगवाया जाना (सम्बंधित कनिष्ठ/सहायक अभियंता)
6. निविदा अनुसार कार्य पूर्ण कर लिया गया है अथवा अधूरा है ?
7. संवेदक द्वारा कार्य करवाये जाने के दौरान विभागीय अधिकारी यथा संभव उपस्थित रहें जिससे कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकें।

उपरोक्तानुसार निदेशों की अव्हेलना करने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

(राम प्रकाश) IAS
आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं पालनार्थ :–

1. उपायुक्त, नगर निगम, उदयपुर।
2. अधीक्षण अभियंता, नगर निगम, उदयपुर।
3. अधिशाषी अभियंता प्रथम/द्वितीय, नगर निगम, उदयपुर।
4. सहायक अभियंता/कनिष्ठ अभियंता, (समस्त), नगर निगम, उदयपुर।
5. कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा।
6. प्रभारी अधिकारी, नगर निगम वेबसाइड।

आयुक्त
नगर निगम, उदयपुर